# PUZZLE TEST

PART → 3

(1). छः व्यक्ति A, B, C, D, E, और F छः विभिन्न स्थानों दिल्ली, मुम्बई, पंजाब ओडिशा, गोवा तथा यूपी में से किसी एक स्थान पर जा रहे हैं। कोई भी व्यक्ति समान स्थान पर नहीं जा रहे हैं। B दिल्ली नहीं जा रहा हैं। E ओडिशा जा रहा हैं। F गोवा तथा दिल्ली नहीं जा रहा हैं। D मुम्बई जा रहा। A तथा C यूपी नहीं जा रहे हैं। A दिल्ली नहीं जा रहा हैं। दिल्ली कौन जा रहा हैं?

⇒ C

| | व्यक्ति | शहर |
|---|---|---|
| दिल्ली, उ०प्र० | ≠ A | |
| दिल्ली | ≠ B | |
| उ०प्र० | ≠ C | दिल्ली |
| | D | मुम्बई |
| | E | ओड़िसा |
| | F | |

(2). छः व्यक्ति P, Q, R, S, T और U एक ही वर्ष के विभिन्न महीनों यानि जनवरी, फरवरी, मार्च, जुलाई, सितम्बर, दिसम्बर में यात्रा करते हैं। R सितम्बर में यात्रा करता हैं। R और T के बीच केवल एक व्यक्ति यात्रा करता हैं। U और P के बीच कोई भी यात्रा नहीं करता हैं। P, U के बाद वाले महीने में यात्रा करता हैं। P और S के बीच दो से अधिक व्यक्ति यात्रा करते हैं। इनमें से कौन जुलाई में यात्रा करता हैं?

⇒ Q

| माह | व्यक्ति |
|---|---|
| जनवरी | U |
| फरवरी | P |
| मार्च | T |
| जुलाई | Q |
| सितम्बर | R |
| दिसम्बर | S |

(3). A, B, C, D, E और F मे से केवल एक व्यक्ति को काला रंग पसंद है। उनमे से केवल दो व्यक्ति 12वी कक्षा मे पढ़ते है, जबकि शेष 10वी कक्षा मे पढ़ते है। केवल C, F के साथ एक ही कक्षा मे पढ़ता है। D को गुलाबी रंग पसंद है। 12वी कक्षा मे पढ़ने वाले किसी भी व्यक्ति को काला रंग पसंद नही है। न तो A को और न ही E को काला रंग पसंद है। उनमे से किसे काला रंग पसंद है?

⇒ B

| | व्यक्ति | रंग | कक्षा |
|---|---|---|---|
| काला ≠ | A | | 10वीं |
| | B | काला | 10वीं |
| काला ≠ | C | | 12वीं |
| | D | गुलाबी | 10वीं |
| काला ≠ | E | | 10वीं |
| काला ≠ | F | | 12वीं |

(4). डेविड, राशिद, विजय और कमल, राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के चार खिलाड़ी है, जो केरल, पंजाब, महाराष्ट्र और पश्चि॰ बंगाल से है हालांकि उनका इसी क्रम मे होना आवश्यक नही है। हमारे पास उनके बारे मे नि॰ लि॰ जानकारी है—

(i) उनमे से दो गेंदबाज है और दो बल्लेबाज है।

(ii) डेविड, केरल से है और राशिद पंजाब से नही है, लेकिन वह एक गेंदबाज है।

(iii) बल्लेबाजो मे से एक महाराष्ट्र से है, लेकिन विजय न तो बल्लेबाज है और न ही महाराष्ट्र से है

(iv) केरल का खिलाड़ी गेंदबाज नही है। नि॰लि॰ मे से कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज के युग्म को दर्शाता है।

⇒ डेविड-विजय

| | व्यक्ति | | |
|---|---|---|---|
| | डेविड | केरल | बल्लेबाज |
| पंजाब ≠ | राशिद | पश्चि॰ बंगाल | गेंदबाज |
| महा॰ ≠ | विजय | पंजाब | गेंदबाज |
| | कमल | महा॰ | बल्लेबाज |

(5). एक पुस्तकालय के सदस्य A, B, C और D बंगाली, गुजराती, तमिल और उर्दू भाषाओं की पुस्तकें लेते हैं प्रत्येक पुस्तक एक अलग शैली (जीवनी, निबंध, उपन्यास और नाटक) की है। निबंध और नाटक, क्रमशः बंगाली और उर्दू में हैं। A उर्दू या तमिल नहीं पढ़ता है। B ने न तो जीवनी और न ही गुजराती पुस्तक ली है। D जो तमिल पढ़ता है, उसे नाटको में कोई दिलचस्पी नहीं है। C और A ने क्रमशः एक बंगाली पुस्तक और एक उपन्यास लिया है। दी गई जानकारी के आधार पर भाषा- शैली का इनमे से कौन-सा संयोजन सही है?

⇒ तमिल- जीवनी

| | व्यक्ति | भाषा | |
|---|---|---|---|
| उर्दू, तमिल ≠ | A | गुजराती | उपन्यास |
| बंगाली, जीवनी ≠ | B | उर्दू | नाटक |
| | C | बंगाली | निबंध |
| नाटक ≠ | D | तमिल | जीवनी |